हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 12 नवंबर 2025

04 ठंड से आक्रामक हो रहे कुत्ते, आवारा...



08 आज भारत का स्वरूप जो देख रहे, इसका श्रेय सरदार...






## खबर संक्षेप

### यशवर्धन ने तीन स्वर्ण के साथ जीती चैंपियनशिप



**नर्मदापुरम।** समेरिटंस विद्यालय के छात्र यशवर्धन ने शालेय राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही चैम्पियनशिप पर भी कब्जा किया। ज्ञात रहे कि उक्त प्रतियोगिता हाल ही में इंदौर में आयोजित की गई थी। इसमें यशवर्धन देशमुख ने 50 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर फ्री स्टाइल और 100 मीटर बटर फ्लाई में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल संचालन समिति, प्राचार्य प्रेरणा रावत, खेल अधिकारी सचिन खंपरिया, विनोद साहू, वैशाली तिवारी ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कल

**नर्मदापुरम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवाओं को स्व-रोजगार, रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार मेला 13 नवम्बर गुरुवार को सभी महाविद्यालयों में होगा।

## प्रशासन ने सैटेलाइट द्वारा रखी रात्रि में भी नरवाई जलाने वालों पर नजर

# सोहागपुर में नरवाई जलाने वाले 13 पर की 25 सौ से 15 हजार तक जुर्माने की कार्रवाई

धान की कटाई उपरांत पराली जलाने के मामले में प्रशासन ने 13 किसानों पर कार्रवाई की है। कार्रवाई में किसानों से जुर्माना वसूली की जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

धान की कटाई के बाद अगली फसल की तैयारी के लिए अधिकतर किसान पराली अर्थात नवाई खेत में जलाते हैं। लेकिन इस वर्ष प्रशासन ने सख्ती की है एवं नरवाई जलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सोहागपुर में 13 किसानों पर कड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई में इन किसानों पर 2500 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के जुर्माने की कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि जिला प्रशासन के आदेश अनुसार व सोहागपुर एसडीएम प्रियंका भल्लावी के निर्देशों पर राजस्व तथा कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा नरवाई जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई की गई है। नरवाई जलाने वाले किसानों पर नजर रखने के लिए प्रशासन ने पूर्व घोषित प्रक्रिया अनुसार सैटेलाइट का सहारा लिया।



### सेटेलाइट से की जा रही निगरानी



प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एसके बर्डे, ने बताया कि नरवाई जलाने वाले किसानों पर कार्रवाई की जा रही है। कार्यवाही सेटेलाइट पिक्चर द्वारा दी गई लोकेशन के आधार पर की जा रही है।

### इन पर की कार्रवाई

प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी सोहागपुर एसके बर्डे ने बताया कि रेवा बनखेड़ी के कृषक जगदीश प्रसाद गिरिजा प्रसाद पर रू 5000, किशनपुर निवासी शोभाराम मजबूत सिंह पर रू 2500, रानीगोहान निवासी जसमन अतरसिंह पर रू 2500, रानी पिपरिया निवासी कलीराम जगदीश पर रू 2500, सौंसारखेड़ा निवासी विनोद कुमार महेश कुमार पर रू 5000, सौंसारखेड़ा निवासी देवेंद्र पदम सिंह पर रू 15000, नगतरा निवासी बृज किशोर व राधेश्याम दोनों पुत्र अजीत सिंह पर रू 15000, नगतरा निवासी अभिषेक एवं अन्य चार पर रू 15000, नगतरा निवासी जीजनबाई व अन्य पर रू 2500, मोकलवाड़ी निवासी रमेश कुमार के फौत होने के बाद उनके वैध वारसानों बलराम व कैलाश पर रू 5000, मोकलवाड़ी निवासी नारायण सिंह खुमान सिंह पर रू 5000, मोकलवाड़ी निवासी नरेंद्र महेंद्र गूजर पर रू 5000 तथा मोकलवाड़ी निवासी शालकराम रघुनाथ गूजर पर रू 5000 की जुर्माना वसूली की कार्रवाई प्रस्तावित की है तथा जुर्माना वसूली की जा रही है। इस तरह सोहागपुर क्षेत्र में 13 किसानों से रू 85000 का जुर्माना वसूला जाएगा।

## जनपद सदस्य के पति को रोक कर किया प्राण घातक हमला

### सिर पर आई चोट, पुलिस ने किया मामला दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर जनपद पंचायत माखन नगर के जनपद सदस्य के पति जितेंद्र मीणा अपने गांव से माखन नगर आ रहे कभी चीचली के पास तीन लोग मोटरसाइकिल आए उन्हें रोका और उनके साथ गाली गलौज कर रॉड और डंडे से उन पर हमला कर दिया जितेंद्र को सिर हाथ और पैर में चोट आई है जितेंद्र ने बचाने के लिए जोर से आवाज लगाई आसपास खेतों में काम करने वाले लोग दौड़कर आए जब तक हमलावर मोटरसाइकिल से भाग गए जितेन्द्र को तुरंत अस्पताल लेकर आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया पुलिस ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है फरियादी ने बताया मुझ पर अभिषेक मीणा और नीरज मीना ने जानलेवा हमला किया है हमले का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही हैं

### खनिज ब्लॉक नीलामी के लिए समिति गठित

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन के खनिज साधन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार मुख्य खनिज ब्लॉक की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। भारत सरकार के खान मंत्रालय ने खनिज (नीलामी) नियम2015 (20मई2015) को संशोधित कर लागू किया है, जिसके तहत ब्लॉक नीलामी से पूर्व भूमि वर्गीकरण, सीमांकन व क्षेत्रफल की जाँच अनिवार्य है।

## एसआईआर को लेकर भाजपा की कार्यशाला हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा द्वारा गत दिवस सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के नगर कार्यालय में SIR अर्थात मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यशाला की गई। सोहागपुर मंडल के बूथ लेवल एजेंट इसमें उपस्थित थे। कार्यशाला में पार्टी पदाधिकारियों ने एसआईआर के नियमों व प्रक्रियाओं की जानकारी दी। भाजपा जिला महामंत्री कुंअरसिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष निखिलेश चतुर्वेदी व नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर किए जाने वाले कार्य समझाए। भाजपा नेता केतार सिंह चौहान, मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल कार्यशाला में विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची का सूक्ष्म अध्ययन व अद्यतन आवश्यक है। ताकि आगामी चुनावों में कोई मतदाता वंचित न रह जाए। नए नियमानुसार 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम एक जनवरी 2026 की स्थिति में मतदाता सूची में नाम जुड़ेंगे।

## कांग्रेस का संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर का आज पचमढ़ी में सफल समापन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी जी ने सभी जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र वितरित किए और उन्हें निर्भीक होकर अपने जिलों में संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि "कांग्रेस संगठन की असली ताकत जमीनी कार्यकर्ता हैं — हमें ग्राम स्तर से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना है। आज के सत्र में मप्र प्रशिक्षण के प्रभारी महेंद्र जोशी जी ने कहा कि यह शिविर केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की आत्मा को सशक्त करने का एक सतत अभियान है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस संगठन आगामी समय में प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक आठ स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा, ताकि हर स्तर का कार्यकर्ता न केवल प्रशिक्षित हो, बल्कि संगठनात्मक दृष्टि से सक्षम भी बने। उन्होंने कहा, "नेतृत्व निर्माण, कार्यकर्ता संगठन की बुनियाद और प्रशिक्षण की निरंतरता ही मजबूत संगठन की पहचान है। जब हर कार्यकर्ता प्रशिक्षण से निकले विचारों को अपने व्यवहार में उतारेगा, तभी संगठन की जड़ें मजबूत होंगी और कांग्रेस का जनाधार और व्यापक बनेगा।"



समापन सत्र में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख श्री सचिन राव जी ने* कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, "आपने इस दस दिवसीय शिविर में जो सीखा है, उसका अनुसरण करें और अपने-अपने जिलों में संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर काम करें। सत्र के अंत में सभी जिला अध्यक्षों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा, प्रतिबद्धता और एकता के साथ सशक्त करेंगे।

### अभा ब्राह्मण एकता परिषद महिला इकाई ने किया दीपोत्सव समारोह




**सोहागपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद महिला प्रकोष्ठ सोहागपुर की मासिक बैठक गत दिवस अंजू तेहरिया के निज निवास में संपन्न हुई। बैठक में विप्र समाज की महिलाओं द्वारा माता लक्ष्मी का पूजन अर्जन किया गया, जिसके बाद सभी ने दीपोत्सव मनाया। बैठक में विमर्श दौरान महिलाओं ने प्रस्ताव रखा कि नर्मदापुरम जिले की समस्त तहसीलों में तहसील अध्यक्ष की नियुक्ति एवं कार्यकारिणी गठन के प्रयास किये जाएं। सभी बहनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये एवं सदस्यता बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके बाद महिला कुर्सी दौड़ आयोजित की गई। जिसमें आशा दीक्षित ने प्रथम, पूनम दुबे ने द्वितीय तथा विदुषी दीवान ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से संगठन जिलाध्यक्ष चित्रा तिवारी, तहसील अध्यक्ष पूनम दुबे तथा जिला कोषाध्यक्ष क्षमा दीवान सहित अलका पुरोहित, मनीषा सिटोके, आशा दीक्षित, श्रद्धा व्यास, सरला शर्मा, प्रभा बसेड़ियि, नीता शर्मा, दीपाली दुबे, ममता तेहरिया, अंजू तेहरिया, अमिता दुबे, लता दुबे, मंजू दुबे, हेमा दुबे, भावना शर्मा, श्यामा पांडे, रजनी दुबे, आस्था परसाई, रेखा बसेड़िया उपस्थित रहीं।

## नोडल अधिकारी व सीएमओ पटले ने किया मतदान केंद्रों का भ्रमण, मतदाताओं से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारत निर्वाचन आयोग एवं कलेक्टर सोनिया मीणा के निर्देश अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 137 के नर्मदापुरम नगरीय निकाय क्षेत्र में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य चल रहा है। कार्य तेजगति और पारदर्शितापूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर नगरीय निकाय की नोडल अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा निरीक्षण किया गया।

सहायक नोडल अधिकारी सुनील राठौर ने बताया कि सोमवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती पटले द्वारा नगर में स्थापित 60, 61 सदर बाजार, 73 पुलिस



लाइन में पहुंचकर एसआईआर का कार्य कर रहे बीएलओ से चर्चा की। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कार्य पूर्ण पारदर्शितापूर्ण और तीव्रगति से करें। किसी भी तरह की इस कार्य में लापरवाही न करें। सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा मतदाताओं से भी चर्चा की गई। बीएलओ से कार्य के तहत मैपिंग, ई- एफ फार्म वितरण, बीएलओ एप में ई-एफ फार्म वितरण की एंट्री तथा मैपिंग हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु स्वयं मतदाताओं से चर्चा कर उन्हें अवगत कराया।

नोडल अधिकारी एवं सीएमओ श्रीमती पटले ने बताया कि नगरीय निकाय क्षेत्र नर्मदापुरम में करीब 94 बीएलओ और 94 सहायक कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। जिनकी प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

## बीएमओ ने छात्रावास का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

कलेक्टर के निर्देशानुसार ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. शेखर रघुवंशी द्वारा शासकीय नेहरू स्कूल बनापुरा एवं सीनियर बालक छात्रावास सिवनी मालवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉ. रघुवंशी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई, खेलकूद एवं भविष्य में कैरियर संबंधी रुचियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक छात्र को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार कैरियर का चयन करना चाहिए, क्योंकि सही दिशा में की गई मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं और किस क्षेत्र में उनकी अधिक रुचि है। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस अधिकारी और खिलाड़ी बनने की इच्छा व्यक्त की। डॉ. रघुवंशी ने उन्हें बताया कि सफलता के लिए अनुशासन, निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास सबसे आवश्यक तत्व हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में मार्गदर्शन प्रदान करती है। उन्होंने विद्यालय के क्लास टीचर्स से चर्चा करते हुए विद्यार्थियों की उपस्थिति, अध्ययन स्थिति और परीक्षा परिणाम की जानकारी ली।

## नगर के होम साइंस कॉलेज में बिरसामुंडा जयंती पर हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के अंतर्गत चित्रकला, रंगोली एवं मांडना प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ कामिनी जैन के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य कामिनी जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं को महाविद्यालय में होने वाली विभिन्न शैक्षणेत्तर गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, जिससे रचनात्मक क्षमता का भी विकास हो सके। प्राचार्य ने छात्राओं को बताया




कि मांडना राजस्थान और म.प्र. विशेषकर भील, मीणा और अन्य जनजातीय समुदाय की एक पारंपरिक लोककला है। यह सफेद मिट्टी या चूने से फर्श और दीवारों पर बनाई जाती है। मांडना पूजा, व्रत, त्योहारों पर शुभता के प्रतीक के रूप में बनाई जाती है। यह देवताओं का स्वागत और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक मानी जाती है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. कंचन ठाकुर ने सभी छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की, चित्रकला प्रतियोगिता संयोजक डॉ आशीष कुमार सिंह समिति सदस्य नीलम चौधरी, डॉ रीना मालवीय, कुमारी ईशा शास्त्री एवं रंगोली और मांडना प्रतियोगिता की संयोजक डॉ संध्या राय आदि का विशेष सहयोग रहा।

## आवेदनों का त्वरित निराकरण करें: जिपं सीईओ जैन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 101 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अनिल जैन, संयुक्त कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी, डिप्टी कलेक्टर सरोज परिहार, डिप्टी कलेक्टर बृजेंद्र रावत सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### साहित्यकारों ने दिए अपने अपने उद्बोधन

## अभा साहित्य परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित हुए नर्मदापुरम संभाग के साहित्यकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अखिल भारतीय साहित्य परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन गत दिनों मध्य प्रदेश के रीवा में संपन्न हुआ। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित मध्य भारत प्रांत सहित अन्य प्रांतों के सैकड़ों साहित्यकार सम्मिलित हुए।

तीन दिवसीय अधिवेशन में मध्य भारत प्रांत के 16 जिलों से प्रांत अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव व प्रांत महामंत्री आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में साहित्यकार सम्मिलित हुए। प्रांताध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव एवं महामंत्री आशुतोष शर्मा ने बताया कि मध्य भारत प्रांत से 70 से अधिक साहित्यकार सम्मिलित हुए। भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ




कोविंद की उपस्थिति में अधिवेशन का उद्घाटन किया गया था। जिसके बाद तीन दिन विभिन्न विषय विशेषज्ञों व साहित्यकारों ने 'आत्मबोध से विश्व बोध' केंद्रीय विषय आधारित उद्बोधन दिए। परिषद के नर्मदापुरम- जिलाध्यक्ष सौरभ यादव सूर्य ने बताया कि अधिवेशन में समूचे भारत से आए साहित्यकारों को राष्ट्रवादी, जनहितैषी व लोकपरक साहित्य सृजन की नई दिशा मिलेगी।

### ये हुए सम्मिलित

संभाग के बैतूल जिले से प्रवीण गुगनानी, सुनील पांसे, सुदर्शन देशमुख, प्रसेन मालवीय, बागड़े धर्मेंद्र खोसे एवं हरदा से मुकेश शांडिल्य तथा लोमेश गौर तथा नर्मदापुरम से अमित बिल्लौरे व सौरभ सूर्य शामिल हुए। भोपाल से साधना बलवटे, ऋषि कुमार मिश्र, नुसरत मेंहदी, अंशु यादव, सुनीता यादव, मांडवी सिंह तथा गोपेश वाजपेई शामिल हुए। राजगढ़ से राकेश सक्सेना हरिसिंह परिहार, सुशील व्यास, गुना से महेश बोहरे तथा जेएल द्विवेदी, अशोकनगर से सुधीर गुप्ता, विदिशा से ध्रुव शर्मा, अनुज भार्गव व शिखा रघुवंशी, रायसेन से दिनेश याग्निक, शिवपुरी से आशुतोष शर्मा, मुकेश शर्मा, श्याम बिहारी सरल, यशवंत भार्गव व रामदास अग्रवाल, श्योपुर से सत्येंद्र सत्यज व चेतन भार्गव, दतिया से ब्रह्मदत्त श्रीवास्तव व अनुभवी मेहरे, ग्वालियर से डॉ. कुमार संजीव, करुणा सक्सेना, दिनेश पाठक, राजकिशोर, आशीष अंमडेकर, शिवम सिसोदिया, लोकपाल, व्याप्ति उमडेकर, धीरज शर्मा, लोकेश तिवारी व गजानन, मुरैना से रामावतार शर्मा, संजेश शर्मा, रवि तोमर व अन्य, भिंड से रजनी राजावत व हरेंद्र सिंह शामिल हुए।

## जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा रसूलिया के सौजन्य से अनन्या ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल, रसूलिया में निबंध प्रतियोगिता एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शाखा द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कृष्णा चौरे, अधिकारी उग्रसेन रघुवंशी, शिवानी शुक्ला मैडम, विद्यालय प्राचार्य मैडम, आलोक राजपूत जी एवं अजय राजपूत जी की उपस्थिति रही। शाखा प्रबंधक कृष्णा चौरे ने विद्यार्थियों को वित्तीय समावेशन, सतर्कता और नैतिकता के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यों, विशेषकर आलोक राजपूत के योगदान, की सराहना की।

## खबर संक्षेप



### किसान ने खाया जहर फसल खराब से था परेशान

**बैतूल।** जिले के चिचलाढाना गांव में मंगलवार दोपहर एक 50 वर्षीय किसान ने आर्थिक संकट और फसल खराब होने के कारण जहरीला पदार्थ पी लिया। परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल बैतूल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, चिचलाढाना निवासी कालूराम पिता कुंवरलाल पन्द्रम (50) ने अपने घर पर ही कीटनाशक का सेवन कर लिया। घटना के समय परिवार के अन्य लोग खेत पर काम करने गए थे। घर लौटने पर परिजनों ने कालूराम को बेहोश हालत में पाया और तुरंत निजी वाहन से जिला अस्पताल ले गए। किसान कालूराम ने बताया कि उन पर लगभग 7 लाख 50 हजार रुपये का कर्ज है। उन्होंने 17 एकड़ जमीन पर ठेके पर सोयाबीन की फसल बोई थी, लेकिन इस बार पूरी फसल खराब हो गई। भारी नुकसान और कर्ज की चिंता से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। जिला अस्पताल की ओपीडी में तैनात डॉ. मीनाक्षी अंबुलकर ने बताया कि मरीज को भर्ती करते समय उसने कीटनाशक पीने की बात कही थी। पेट की सफाई कर दी गई है और फिलहाल उसकी स्थिति स्थिर है। डॉक्टरों के अनुसार, मरीज को अगले 48 घंटे तक ऑब्ज़र्वेशन में रखा जाएगा, ताकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

### विद्यार्थियों को बताए सायबर अपराधों से बचने के उपाय



**बैतूल बाजार।** महिला संबंधी अपराध, सायबर अपराधो की रोकथाम और सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से पुलिस विभाग के तत्वावधान में विशेष मुस्कान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बैतूल बाजार टीआई अंजना धुर्वे ने छात्र-छात्राओं को महिला संबंधी अपराध एवं सायबर संबंधी अपराध से संबंधित जानकारी देते हुए अपराधो से बचने के लिये क्या करे और क्या नहीं करे के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। वही विद्यार्थियों को बताया इन अपराधों से बचने के जागरूकता सबसे जरूरी है। विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच में अंतर भी बताया गया।

### आज धूमधाम से मनाई जाएगी भैरव जयंती

**बैतूल।** श्री सागौन वाले बाबा दरबार निराला समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार 12 नवम्बर, बुधवार को भैरव जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस संबंध में समिति के अनिल कुबड़े ने बताया कि परशुराम चौक पर भगवान श्री बटुकनाथ काल भैरव का अभिषेक, हवन-पूजन और श्रृंगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। श्री कुबड़े ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि मंदिर मुख्य मार्ग पर होने के कारण कार्यक्रम में दुपहिया वाहन से आने की कृपा करें क्योंकि चौपहिया वाहन के कारण ट्रैफिक जाम हो जाता है। कार्यक्रम का समापन शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारे के साथ किया जाएगा।

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 12 नवंबर को

**बैतूल।** शाहपुर, घोड़ाडोंगरी और सारणी के भूतपूर्व सैनिकों की बैठक 12 नवंबर को आयोजित की गई है। कैप्टन आईएन सुमीत सिंह सेवानिवृत्ति जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि बुधवार को शाहपुर जनपद पंचायत में बैठक प्रातः 11.30 बजे आयोजित होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे नगर पालिका परिषद सारणी के सभाकक्ष में बैठक होगी। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों से बैठक में यथा समय उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## 10 महीने में 2338 लोग हुए डॉग बाइट के शिकार

# ठंड से आक्रामक हो रहे कुत्ते, आवारा कुत्तों की वजह से लोगों में भय



**बैतूल।** जिले में डॉग बाइट के केस बढ़ रहे हैं। आवारा कुत्तों के काटने से लोगों में डर है। कुत्ते सडक़ों से लेकर गली-मोहल्लों के साथ सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और स्कूल के आसपास सहित अन्य स्थानों पर घूमते रहते हैं। झुंड बनाकर वाहन चालकों पर लपकते है। पैदल चल रहे राहगीरों को काट रहे हैं। इसके बाद भी नगरपालिका द्वारा आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थानों से हटाने के लिए कोई अभियान तक नहीं चलाया जा रहा है, जबकि रोजाना नागरिक डॉग बाइट का शिकार होकर जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, सालभर औसतन 8 से 15 केस प्रतिदिन सामने आते हैं। जिला अस्पताल के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से लेकर अक्टूबर 2025 तक जिला अस्पताल में डॉग बाइट के करीब 2338 लोग शिकार होकर उपचार के लिए पहुंचे। डॉग बाइट के मामलों में राहत की बात यह है कि जिला अस्पताल में एंटी-रैबीज दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और जिले की सभी सीएचसी में भी दवाएं भेज दी गई हैं। जहां डॉक्टर नहीं हैं, वहां भी कम से कम तीन वायल रखवाए गए हैं।

### हर मौसम में कुत्तों के व्यवहार में आता है बदलाव

डॉक्टरों का कहना है कि हर मौसम में कुत्तों के व्यवहार में बदलाव आता है। जब कोई उनकी तय सीमा में प्रवेश करता है, तो वे उसे दुश्मन समझकर आक्रामक हो जाते हैं। इसी कारण डॉग बाइट के मामले बढ़ जाते हैं। हालांकि जिले में अब तक रैबीज से मौत की कोई पक्की खबर नहीं है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि दवाओं की उपलब्धता और समय पर उपचार से मरीज सुरक्षित हैं। लेकिन आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण न होने से डॉग बाइट का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन डॉग कंट्रोल की दिशा में कारगर कदम नहीं उठा पा रहा है।

## नसबंदी और कुत्तों को पकड़ने चार बार निकाले टेंडर, नहीं मिला ठेकेदार

जानकारी के अनुसार, कुत्तों की नसबंदी और पकडने के लिए नगरपालिका द्वारा चार बार टेंडर जारी किए जा चुके हैं, लेकिन कोई ठेकेदार सामने नहीं आया। अब फिर टेंडर निकाला है। नपा के सेनेटरी इंस्पेक्टर संतोष धनेलिया का कहना है कि किसी संस्था के आगे न आने के कारण नगरपालिका का अमला ही कुत्तों को पकडक़र शहर से 25-30 किमी दूर छोड़ रहा है, लेकिन वे फिर वापस आ जाते हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुमान के मुताबिक शहर में आवारा कुत्तों की संख्या एक हजार से अधिक होने का अनुमान है। पिछले कुछ समय में कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है, जिसकी मुख्य वजह नपा द्वारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं किया जाना बताया जा रहा है।

### आवारा कुत्तों से छोटे बच्चों को बड़ा खतरा

छोटे बच्चों के लिए आवारा कुत्ते ज्यादा बड़ा खतरा हैं। कुत्तों के लिए छोटे बच्चे आसान शिकार होते हैं। लेकिन नगर पालिका इन आवारा कुत्तों को नियंत्रण करने की ओर ध्यान नहीं दे रही है। यहां बता दें कि उच्च न्यायालय में लगाई गई एक अवमानना याचिका के संदर्भ में जारी न्यायालय के निर्देशों का हवाला देते हुए नगरपालिका आवारा पशुओं पर नियंत्रण करने के निर्देश राज्य शासन ने दिए थे। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में इसके लिए समिति गठित की गई थी, लेकिन जनवरी 2017 से अब तक जिले के नगरपालिकाओं ने आवारा पशुओं खासकर कुत्तों की जनसंख्या नियंत्रण के लिए कोई ठोस काम नहीं किया। परिणााम स्वरूप कुत्तों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।

### आवारा कुत्तों से रैबिज का खतरा अधिक

जानकार बताते है कि आवारा कुत्तों में रैबिज का खतरा अधिक रहता है। ऐसे कुत्ते यदि किसी इंसान को काट ले और उसका समय पर इलाज न कराया जाये तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इधर कुछ पशुपालक भी कुत्तों को जरूर पालते है, लेकिन उन्हें समय पर टीका नहीं लगाते है या लापरवाही करते है। इस तरह की लापरवाही न सिर्फ अन्य लोगों के लिए घातक साबित होती है, बल्कि पालतू पशुओं, कुत्तों के लिए भी घातक है। जानकार बताते है कि यदि कुत्तों को समय-समय पर वैक्सीन लगाया जाये और इसके बाद कुत्ते किसी को काटते भी है तो रैबिज का खतरा कम रहता है। इसलिए पशुपालक को समय-समय पर टीका लगवाना चाहिए, अन्यथा पालतू कुत्तों को काटने की घटना के बाद पीड़ित इसकी शिकायत या मामला भी दर्ज करवा सकता है, जिससे कुत्ता पालकों को लंबे समय तक परेशानी उठानी पड़ सकती है।

**10 माह में 2338 केस पहुंचे**
**जिला अस्पताल माह केस**

| | |
|---|---|
| जनवरी 217 | जुलाई 251 |
| फरवरी 216 | अगस्त 218 |
| मार्च 225 | सितंबर 220 |
| अप्रैल 267 | अक्टूबर 240 |
| मई 257 | कुल 2338 |
| जून 227 | |

### अभियान शुरू करें

जिला अस्पताल में एंटी-रैबीज दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और जिले की सभी सीएचसी में भी दवाएं भेज दी गई हैं।

**- डॉ. जगदीश घोरे, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल बैतूल**

दरअसल हम कुत्तों को पकड़ते है तो लोग इसका विरोध करने लगते है। जिसके कारण हमे अभियान रोकना पड़ता है। फिर भी मैं टीम को बोलता हूं कि आवारा कुत्तों को पकडने का अभियान शुरू करे।

**- सतीश मटसेनिया, सीएमओ, नपा बैतूल**

## केन्द्रीय विद्यालय सारनी में बैग रहित दिवस मनाया




**सारनी।** मंगलवार को बैग रहित दिवस के अंतर्गत छठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को नगर पालिका ट्रेंच यार्ड पाथाखेड़ा ले जाया गया। वहां विद्यार्थियों ने गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग प्रकारों की पहचान की और वेस्ट मैनेजमेंट व रीसाइक्लिंग प्रक्रिया के बारे में व्यावहारिक रूप से सीखा। नगरपालिका के पप्पू उज्जैनवार और संतोष ने विद्यार्थियों को समझाया कि कचरा प्रबंधन हमारे पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कितना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने घरों और विद्यालय में भी इस प्रक्रिया को अपनाएं और अन्य लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय विद्यालय परिवार का हृदय से आभार व्यक्त किया और विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से भी आगामी कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के लिए कहा। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण कार्यानुभव शिक्षक केशव तिवारी, क्रीड़ा प्रशिक्षक शहादत, शिक्षिका श्वेता वर्मा और आशा बारपेटे द्वारा किया गया। बच्चे इस ज्ञानवर्धक भ्रमण से अत्यंत उत्साहित और प्रेरित नज़र आए। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शुभकामनाओं के साथ भ्रमण के लिए रवाना किया तथा इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना बढ़ाते हैं।

## सारनी में जनजातीय गौरव यात्रा का किया भव्य स्वागत



**सारनी।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में निकाली जा रही जनजातीय गौरव यात्रा का सारनी आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। जयस्तंभ चौक पर यात्रा का स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक ऊईके, जिला महामंत्री कमलेश सिंह, कृष्णा गायकी, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मालवीय, जिला सहकार्यालय मंत्री सुधा चंद्रा, नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे एवं उपाध्यक्ष जगदीश पवार की अगुवाई में किया गया। भव्य स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने किया। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निकाली जा रही यह जनजातीय गौरव यात्रा, जनजातीय समुदाय की समृद्ध विरासत और उनके योगदान को सम्मान देने का प्रतीक है। यह यात्रा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर आयोजित की जा रही है। इसके माध्यम से न केवल जनजातीय गौरव का प्रसार हो रहा है, बल्कि समाज में विकास एवं स्वाभिमान से जुड़े संदेशों को भी जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक झांकियों और देशभक्ति गीतों के माध्यम से जनजातीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री विनय मदने, नन्हें सिंह, मंडल मंत्री शिवकली, बबलू नरें, किरण, रूपेश सिंह, गुमान सिंह, दिलीप सिंह, सुनील पाटील, बिल्लू जगदेव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रभारी कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं नागरिकों की समस्याएं



**बैतूल।** बैतूल प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में बैतूल सदर निवासी दिनेश कुबड़े ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निर्माणाधीन नाले के जीर्णोद्धार किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर प्रभारी कलेक्टर श्री जैन ने नगर पालिका सीएमओ को संबंधित उपयंत्री से स्थल निरीक्षण कराकर तत्काल कार्य आदेश अनुसार वेंडर से निर्माण कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। बैतूल कोठीबाजार निवासी ममता खडसे ने आवास योजना का लाभ दिलाए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी को आवास योजना का लाभ दिलाए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का संबंधित अधिकारी समय सीमा में निराकरण करें, ताकि आवेदकों को दोबारा अपनी समस्या के निराकरण के लिए जनसुनवाई में न आना पड़े। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में मुलताई तहसील के ग्राम सर्रा निवासी दीनू बारपेटे ने आवेदन के माध्यम से अनावेदक द्वारा रास्ता बंद किए जाने की शिकायत की।

## तवा खदान से तांबा चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**सारनी।** पाथाखेड़ा पुलिस ने मंगलवार को वेकोलि की तवा-01 खदान में हुई तांबा चोरी का खुलासा किया है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी किया गया माल भी बरामद कर लिया गया है। घटना 6 नवंबर को सामने आई थी, जब वेकोलि कर्मचारी अरुण वर्मा (31), निवासी जैरी चौक, शोभापुर ने पाथाखेड़ा चौकी में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने तवा-01 खदान परिसर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस शिकायत के आधार पर थाना सारणी की चौकी पाथाखेड़ा में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुखबिरों को सक्रिय किया। 10 नवंबर 2025 को मिली सूचना के आधार पर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। इनमें आंसू उर्फ शंकर मर्सकोले (23), राजू नारे (26), दोनों निवासी डेहरी आमढाना, थाना चोपना, और सुभाष बारस्कर (30), निवासी ग्राम शोभापुर शामिल हैं। पूछताछ के दौरान, तीनों आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से 3-कोर वाली तांबे की तार (कॉपर वायर) बरामद की है, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 35,000 रुपए बताया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस उनकी अन्य आपराधिक गतिविधियों की भी जांच कर रही है। पाथाखेड़ा पुलिस ने बताया कि खदान क्षेत्रों में होने वाली चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए भविष्य में भी लगातार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस अधिकारियों ने विद्यालय में पहुंचकर किया जागरूक

## महिला व साइबर संबंधी अपराधों से सतर्क रहें सभी विद्यार्थी



**मुलताई ।** मुलताई पुलिस ने महिला संबंधी एवं सायबर संबंधी अपराधो की रोकथाम तथा सुरक्षित वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से नगर के निजी स्कूल, बालिका छात्रावास एवं उच्चतर माध्यमिक कन्याशाला प्रभात पट्टन मे विशेष मुस्कान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे थाना प्रभारी मुलताई निरीक्षक नरेन्द्रसिंह परिहार, मोनिका पटले , दिनेश कुमरे एवं थाना स्टाफ ने स्कूल के छात्र-छात्राओ को महिला एवं सायबर संबंधी अपराधो से संबंधित जानकारी दी गई एवं अपराधो से बचने के लिये क्या करे व क्या न करे के संबंध मे बताया । जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को गुड टच/ बैड टच के संबंध मे छात्र- छात्राओ को समझाया एवं जागरूक किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विश्वसनीय सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करे, ऑनलाइन डेटिंग साइट्स से दूर रहें। ईमेल आईडी, सोशल मीडिया प्रोफाइल्स, ई वॉलेट्स/नेटबैंकिंग आदि के पासवर्ड मजबूत रखें एवं नियमित अंतराल पर बदलते रहें। टू-स्टेप वेरिफिकेशन / टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू रखें।

सोशल मीडिया पर प्राइवेसी सेटिंग के माध्यम से अपनी निजी जानकारियां छुपाकर रखें एवं प्रोफाइल लॉक रखें। इलेक्ट्रॉनिक गेजेट्स में खराबी आने पर, विश्वसनीय व्यक्ति से अपने सामने रिपेयर कराएं। पुराने इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बेचने से पूर्व मेमोरी का डाटा वाइप कर फेक्ट्री रिसेट करें, जिससे कोई आपका निजी डाटा रिकवर न कर सके। ऑनलाइन लॉटरी केबीसी, कैशबैक, जॉब, लोन, बीमा, शॉपिंग ऑफर्स आदि प्रलोभनों से सावधान रहें। वैवाहिक धोखाधड़ी से सावधान रहें।ऑनलाइन शॉपिंग के लिए मान्यता प्राप्त ई-कॉमर्स वेबसाइट्स / एप्स का ही प्रयोग करें। किसी संस्थान/कंपनी का कस्टमर केयर संपर्क की जानकारी के लिए उनकी आधिकारिक वेबसाइट्स एप्स का प्रयोग करें, गूगल या किसी अन्य सर्च इंजन पर न खोजें।

### स्टेशन रोड और फवारा चौक बना पार्किंग स्थल, अतिक्रमण हटे तो बेहतर हो व्यवस्था

# नगर का मुख्य मार्ग अतिक्रमण की चपेट में, हर घंटे लगता है जाम

**मुलताई।** पवित्र नगरी के मुख्य मार्ग अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं। नगर के मध्य से गुजरने वाले प्रमुख मार्ग के फुटपाथ पर या तो व्यापारियों ने कब्जा कर अपनी दुकान बढ़ा ली है या बचे हुए स्थान पर लोगों ने अतिक्रमण कर अपनी दुकानें सजा ली है। इसके अलावा भी अगर स्थान शेष रहता है, तो चार पहिया वाहनों का पार्किंग स्थल हो जाता है। यही नहीं अतिक्रमणकारी एवं वाहन पार्किंग करने वाले यह भी नहीं देखते है कि यह स्तंभ चौक राष्ट्रीय स्मारक है या फवारा चौक प्रमुख चौराहा यहां लगने वाली दुकान पार्किंग समझकर खड़े किए चार पहिया वाहन कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण हो सकते हैं, किंतु इसके बावजूद भी नगर प्रशासन ने कभी इस और ध्यान नहीं दिया। फवारा चौक से स्टेशन मार्ग ने करोड़ों रुपए खर्च कर ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया है और अब मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की बाउंड्री चार पहिया वाहन की पार्किंग स्थल के रूप में उपयोग होती है और बचे हुए स्थान पर फल, फ्रूट, चार्ट, आइसक्रीम सहीत अनेक दुकानें संचालित हो रही है दूसरी ओर व्यापारियों ने अपनी दुकाने अपनी दुकान से 10 फीट तक आगे बढ़ा ली है और आलम यह है कि यहां आए दिन जाम लगता है दो पहिया वाहन से गुजरा तक मुश्किल हो रहा है।

### खर्च करो का हिस्सा बनकर रह गया फवारा चौक



फवारा चौक परिवर्तनशील फार्मूले सुंदर उदाहरण और इस परिवर्तन के नाम पर अब तक इस फवारा चौक पर लाखों रुपए खर्च किए जा चुके हैं। सर्वप्रथम इस फवारा चौक पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहे कस्तूरी साहब ने एक महिला की प्रतिमा लगाकर यहां फार्म लगाया था। इसके उपरांत इसे हटाकर नगर प्रशासक रहे प्रमोद गुप्ता ने या संगीत में फव्वारे का निर्माण किया इसके उपरांत जिए भारत करके कार्यकाल में इसे हटाकर यहां पर डामरीकरण करा दिया गया और इस प्रकार मार्ग के मध्य तिराहे का निर्माण हुआ। कुछ समय बात इस तरह को सेल्फी पॉइंट में बदल दिया गया देखरेख क्या भाव में यहां लगे पौधे खराब हो गए, तो नगर पालिका ने इसके बाद इसमें बदलाव करके आर्टिफिशियल फ्लावर लगा दिए कुछ समय बाद इसे हटाकर यहां लाइटिंग कर दी गई और आज इस तरह पर बजरंग दल का बोर्ड लगा है और इसके आसपास वाहनों की पार्किंग हो गई है या अतिक्रमण कर लोग यहां अपनी दुकाने लगाते हैं।

### स्मृति भवन से लेकर फवारा चौक तक लगता है जाम




नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले नगर के प्रमुख मार्ग स्मृति भवन मासोद तिराहे से फवारा चौक तक यातायात की समस्या दिन प्रतिदिन अत्यंत चिंताजनक होते जा रही है। हर घंटे जाम लगता है और इसका मुख्य कारण व्यापारियों का फुटपाथ पर अतिक्रमण और उसके बाद ग्राहकों के वाहनों का मुख्य मार्ग पर खड़ा रहना है। देश के अन्य शहरों में जहां फुटपाथ पैदल चलने के लिए होता है, हमारे यहां फुटपाथ अतिक्रमण करने के लिए है। पुलिस थाने के सामने मुख्य मार्ग का फुटपाथ पर व्यापारियों कब्जा है। इसके उपरांत माल भरने और खाली करने के लिए यह बड़े वाहन भी घंटो खड़े रहते हैं और साथ ही ग्राहकों की दो पहिया वाहन भी ऐसी स्थिति में आए दिन दुर्घटना होती है विवाद होते हैं, किंतु नगर प्रशासन को शायद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार है।

### अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया जाएगा

अभी नगर पालिका अतिक्रमण हटाने को लेकर कोई विशेष अभियान तो नहीं चलने वाली किंतु नगर पालिका की रेगुलर टीम को भेजा कर अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया जाएगा।

**-योगेश अनेराव, उपयंत्री, नगरपालिका मुलताई**

### प्रस्तावों पर स्वीकृति में कांग्रेस के शांतिदूतों का भरपूर मिला सहयोग, निर्णयों की रखी जानकारी

# नपा के साधारण सम्मेलन में हुए 32 प्रस्ताव पारित

# 2 होल्ड, 1 विलोपित, अन्य बिंदुओं पर भी हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

नगरपालिका परिषद इटारसी के सभागार में मंगलवार को परिषद का साधारण व्यापक सम्मेलन का आयोजन किया गया था। जिसमें शामिल 32 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए, दो प्रस्ताव स्थगित हुए, और एक प्रस्ताव हाईकोर्ट के स्टे के कारण विलोपित कर दिया गया। गौर करने वाली बात यह है कि सम्मेलन में चर्चा के बाद 32 प्रस्तावों के पारित होने में कांग्रेस पार्टी के शांतिदूतों की अहम भूमिका रही।

मंगलवार को आयोजित परिषद के सम्मेलन में पहली बार साधारण सभा में अध्यक्ष पंकज चौरे ने पीआईसी (प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल) द्वारा लिए सभी निर्णयों की पूरी जानकारी परिषद के समक्ष चर्चा के लिए रखी। इस ऐतिहासिक कदम को पार्षदों ने सहमति दी और इसे नगरपालिका की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया है। वहीं दूसरी ओर शहर का एक तबका इस कदम को आश्चर्य और हैरानी की नजरों से देख रहा है।

दरअसल अगस्त 2022 में पंकज चौरे के नेतृत्व वाली परिषद बनने के बाद से ही आज दिनांक तक कभी भी पीआईसी बैठकों की जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं की गई। पीआईसी में किन प्रस्तावों को रखा गया है, किन पर मुहर लगी, कौन से प्रस्ताव स्थगित हुए, विलोपित हुए आदि कोई भी खबर आज तक कभी उस चार दीवारी से बाहर नहीं आई जिसमें ये पीआईसी बैठक आयोजित होती थी।

नपाध्यक्ष चौरे के अब तक के कार्यकाल में करीब 16 पीआईसी बैठके संपन्न हो चुकी है, जिनमें करीब 487 प्रस्ताव रखे जा चुके हैं। अब सोचने वाली बात यही है कि आजतक जिस संबंध में कोई खबर या जानकारी कभी सार्वजनिक न की गई हो, उस विषय को सीधे परिषद के सम्मेलन में रखना संशय पैदा करता है।

## पारदर्शिता का उदाहरण पेश किया

नपाध्यक्ष चौरे ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि अभी तक अध्यक्ष और सात सभापतियों को छोड़कर किसी भी पार्षद को पीआईसी के निर्णयों की जानकारी नहीं होती थी। उन्होंने कहा, 'हमने पारदर्शिता दिखाते हुए सबके सामने सबकुछ निर्णय रख दिए हैं। इससे आने वाली परिषदों को भी पारदर्शिता रखनी होगी।




## परिषद बैठक हाइलाइट्स

- **अतिक्रमण पर जुर्माना :** सड़कों पर बेतरतीब खड़े फल के ठेलों और अन्य व्यापार पर प्रथम बार 1000, द्वितीय बार 2000, तृतीय बार 3000 जुर्माना। जब्त सामान सरकारी अस्पताल/वृद्धाश्रम भेजा जाएगा।
- **राजस्व वसूली :** 31 मार्च 2026 तक 75 प्रतिशत कर वसूली का लक्ष्य। कम शेष राशि संबंधित कर्मचारी के वेतन से काटी जाएगी।
- **अवैध कनेक्शन :** वैध करने की प्रक्रिया शुरू होगी और जल कर वसूला जाएगा। लक्ष्य पूरा न होने पर वार्ड प्रभारी व पंप ऑपरेटरों के वेतन से कटौती की जाएगी।
- **पीएम आवास योजना :** आजाद नगर में बन रहे एलआईजी भवन निर्माण के लिए ठेकेदार (भुपतानी एसोसिएट) को एक वर्ष का एक्सटेंशन दिया गया।
- **आइकॉनिक शौचालय :** निर्माण अब बस स्टैंड पर मौजूद पुराने शौचालय को तोड़कर उसके स्थान पर किया जाएगा।
- **शौचालय शुल्क :** सार्वजनिक सुलभ शौचालय में स्नान और शौच के लिए 10 रुपए शुल्क तय किया गया।
- **गरीबों की अंत्येष्टि :** बेसहारा मृतकों की अंत्येष्टि के लिए शांतिधाम समिति को 3 लाख की लकड़ी उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। जरुरतमंद की मदद के लिए पार्षद सीधे अध्यक्ष को फोन करेंगे। इस प्रस्ताव पर सहमती के साथ सभापति राकेश जाधव ने शमशान घाट समिति के कार्यकारी सदस्य वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे की बेहतरीन व्यवस्थाओं एवं बेसहारा गरीब लोगों के अंतिम संस्कारों में की जाने वाली सहायता की सराहना एवं प्रशंसा की।

## सरकार कैबिनेट फैसले सार्वजनिक करती है

अगर देखा जाए तो केंद्र से लेकर राज्य तक सभी सरकारें केबिनेट बैठक और उसमें हुए निर्णय सार्वजनिक करती हैं, जिनका उद्देश्य लोकहित होता है। नपा में भी पिछली परिषद तक यह परंपरा जारी रही कि पीआईसी बैठकों की सूचना और निमंत्रण पत्रकारों को भी दिया जाता था, और सभी के सामने पीआईसी बैठक संपन्न होती थीं। साथ ही नपा की तरफ से हर प्रस्ताव और निर्णय की खबर भी जारी की जाती थी, जो अगले दिन अखबारों की सुर्खियां बनती थी, लेकिन इस परिषद में यह परंपरा किन्हीं कारणों से निभ नहीं पाई!

## ट्यूबवेल जल उपभोक्ता प्रभार पर स्थगित

प्रस्ताव क्रमांक 04, जिसमें ट्यूबवेल धारकों से जल उपभोक्ता प्रभार लेने पर चर्चा होनी थी, पार्षदों के भारी विरोध के कारण स्थगित कर दिया गया। भाजपा पार्षद शिवकिशोर रावत, मनीषा अग्रवाल, कांग्रेस पार्षद दिलीप गोस्वामी, धर्मदास मिहानी और अन्य ने इसका विरोध किया। सभापति राकेश जाधव ने सुझाव दिया कि यह प्रभार केवल गर्मी के दिनों में टेंकरों से पानी देने की स्थिति में लिया जाए।

## बिजली कंपनी काम न करने की चेतावनी

प्रस्ताव क्रमांक 20 (पोल व डीपी शिफ्टिंग) पर चर्चा के दौरान सभापति राकेश जाधव ने तीखी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि नगर पालिका बिजली कंपनी से कहे कि वह बिना नगरपालिका से एनओसी प्राप्त किए कहीं भी ट्रांसफार्मर व पोल नहीं लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली कंपनी कथित तौर पर प्राइवेट कॉलोनाइजरों/मॉल संचालकों से मिलकर सरकारी स्थान पर खंभे लगा रही है, जबकि उन्हें इन्हें निजी परिसर के अंदर लगाना चाहिए।

## केंद्रीय मुद्दों पर भी प्रस्ताव पारित

परिषद की बैठक में तीन केंद्रीय मुद्दों पर भी प्रस्ताव पारित किए गए। जीएसटी दरें कम करने पर केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया। आम नागरिकों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने की अपील की गई। एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव का भाजपा और कांग्रेस दोनों ने समर्थन करते हुए प्रस्ताव पारित किया। एफआईआर दर्ज न होने पर कोर्ट जाने का निर्णय वर्ष 2016-17 के फर्जी रसीद बुक से संबंधित मामलों में कर्मचारियों (रमेश दुबे, सहायक राजस्व निरीक्षक, कल्लू सिंह ठाकुर, भृत्य) पर सिटी थाने में एफआईआर दर्ज न होने पर परिषद ने मामले को कोर्ट में प्रतिवाद के तौर पर प्रस्तुत करने का निर्णय लिया।

## दूरगामी परिणाम की पूरी परिषद बनी सहभागी

खैर साधारण सभा में पीआईसी के निर्णयों पर सहमती देने के बाद अब पूरी परिषद अर्थात सभी पार्षद उन पीआईसी बैठकों में हुए निर्णयों के सहभागी बन गए हैं। परिषद के कार्यकाल जारी रहने अथवा समाप्त होने के बाद पीआईसी बैठकों में हुए निर्णयों के अच्छे-बुरे प्रभाव अब सिर्फ पीआईसी मेंबरों तक सीमित न रहकर पूरी परिषद पर पड़ेंगे। राजनीतिक विशेषज्ञों ने इस विषय पर समझदार को इशारा काफी है कहावत बोलकर इतिश्री कर ली है।

# भैरव जयंती पर पूड़ी लाइन मंदिर में शिखर कलश की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

पूड़ी लाइन स्थित श्री भैरव बाबा मंदिर का नवनिर्मित शिखर बनकर तैयार हो गया है। भैरव बाबा जयंती के अवसर पर, मंदिर समिति द्वारा 12 नवंबर, बुधवार को शिखर पर कलश स्थापना सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। तीन दिवसीय अनुष्ठान कलश स्थापना से पूर्व तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं।सोमवार कलश का जलादिवास संपन्न हुआ। आज मंगलवार (11 नवंबर को कलश का अन्नादिवास किया जाएगा। इसी दिन रात्रि 9 बजे से 'मां के बेटे जागरण सेवा समिति' द्वारा जागरण का आयोजन किया जाएगा। कल बुधवार 12 नवंबर को भैरव बाबा जयंती के मुख्य दिन सुबह 11 बजे संपूर्ण पूजा-अर्चना के बाद शिखर पर कलश स्थापना होगी।दोपहर 3 बजे हवन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों के समापन पर रात्रि 8 बजे भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजक, भैरव बाबा मंदिर समिति पूड़ी लाइन इटारसी ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।



# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया श्रमदान, रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन




**माखननगर।** श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजनाएं के क्रमांक एक एवं दो के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में साफ सफाई व कूड़ा करकट एंव गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य संपूर्ण महाविद्यालय परिसर को गाजर घास से मुक्त करना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर नीता चौबे के निर्देशन में उक्त कार्य संपन्न हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना की व्यापक जानकारी हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता नर्मदापुरम जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो डी . एस. खत्री द्वारा एन.एस.एस .की पूरी जानकारी समग्र रूप से साझा की गई ।जिसमें पंजीयन करने से लेकर प्रमाण पत्र प्राप्ति तक समस्त गतिविधियां विस्तार से बताई गई। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्राम कोठारिया में रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया। में मुख्य रूप से स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ.राजकुमार पटवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ.धर्मेंद्र सिंह चौहान के द्वारा किया गया तथा आभार एन .एस . एस. इकाई 02 प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ .कविता दुबे द्वारा कियागया।

# आत्मनिर्भर समन्वय अभियान के तहत आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपिरया

नगर पालिका परिषद परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आत्म निर्भर समन्वय अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय आत्मनिर्भर मातृशक्ति सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, महिलामोर्चा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल, जनपद पंचायत सदस्य कमला हीरालाल रघुवंशी, विद्याबाई सीताराम पटेल, राजो मालवीय आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सविताराज सभी पार्षद कौशल्या ठाकुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांतरघुवंशी नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर अरविंद राय




पवन वालिया सहित अन्य सभी भाजपा सरकार के पदाधिकारियों की उपस्थिति में सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को लेकर 33% आरक्षण दिया है। सभी को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।

नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीतनागपाल ने कहा प्रदेश सरकार ने महिलाओं के लिए लाड़ली बहनों को 1500 रुपए कर दिया गया है। आत्मनिर्भर मातृशक्ति बनी है।

# डेढ़ लाख रुपए के 8 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### परिवहन एवं विक्रय में शामिल एक लाख की स्कूटी भी की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सिटी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के परिवहन एवं बिक्री को लेकर चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब डेढ़ लाख रूपये कीमत का गांजा जब्त किया है। जिसके साथ दो आरोपी एवं एक स्कूटी भी जब्त की है। कुल जब्त सामग्री की कीमत ढाई लाख रूपये आंकी गई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया है।

दरअसल सोमवार रात को गस्त के दौरान एसआई प्रवीण कुमार यादव को मुखबिर सूचना मिली कि रेल्वे अंडर ब्रिज के पास खेड़ा, इटारसी पर दो लड़के नीले रंग की स्कूटी लिये अपनी पीठ पर पिट्ठु बैगों में अवैध मादक पदार्थ गांजा लिए बेचने की फिराक में घूम रहे हैं।



जिसके बाद पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। यहां पुलिस को देखकर दो संदिग्ध लड़के सुमित दायमा पिता रमेश दायमा उम्र 24 साल निवासी सेठ गुरु प्रसाद स्कूल के पास, एकता चौक नर्मदापुरम एवं सुनिल वर्मा उर्फ गोलू पिता स्व. नाथुराम वर्मा उम्र 39 साल निवासी ग्राम पर्रादेह, थाना देहात, जिला नर्मदापुरम जो कि नीले रंग की स्कूटी पर सवार थे। स्कूटी लेकर भागने की कोशिश करने लगे। घेराबंदी कर मौके पर ही पकडा गया एवं आरोपियों के पास से 8 किलो 276 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, जिसकी कीमत ढेड लाख रूपये मिला। घटना में उपयोग हुई स्कूटी कीमत एक लाख रुपये कीमती। इस प्रकार कुल मशरुका कीमत ढाई लाख रुपए को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध थाना इटारसी में अपराध क्र. 948/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी सुमित दायमा तथा सुनिल वर्मा उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय नर्मदापुरम के समक्ष पेश किया गया।

**आदतन अपराधी है दोनों आरोपी** जांच में सामने आया कि दोनों आदतन अपराधी है। सुमित दायमा के विरुद्ध थाना कोतवाली नर्मदापुरम में अप.क्र. 487/18 धारा 294, 323, 506 आईपीसी व अप.क्र. 730/2020 धारा 13 जुआ एक्ट एवं सुनील वर्मा उर्फ गोलू पर थाना देहात नर्मदापुरम में अप.क्र. 616/21 धारा 294, 323, 506 आईपीसी व 320/22 धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत कुल दो-दो अपराध पूर्व से पंजीबद्ध है। एसडीओपी इटारसी वीरेन्द्र मिश्रा, थाना प्रभारी इटारसी गौरव सिंह बुदेला एवं टीम द्वारा संपूर्ण कार्यवाही की गई।

# दिल्ली में धमाके के बाद इटारसी रस्टेशन पर अभूतपूर्व सुरक्षा घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

देश की राजधानी दिल्ली में हुए एक कार धमाके के बाद, मध्य प्रदेश के प्रमुख जंक्शन इटारसी रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था तत्काल प्रभाव से बढ़ा दी गई है। गवर्नमेंट रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त रूप से स्टेशन परिसर में सघन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है जिसे 'ऑपरेशन विजिलेंस' नाम दिया गया है। हर यात्री,हर सामान पर पैनी नजर सुरक्षा एजेंसियों ने स्टेशन पर आने-जाने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी है।

प्लेटफार्मों पर सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। यात्रियों के सामान की तलाशी के लिए डॉग स्क्वॉड और मेटल डिटेक्टर का उपयोग बढ़ाया गया है। स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वारों पर जीआरपी जवानों को तैनात कर ट्रेन में चढने वाले और उतरने वाले सभी यात्रियों की गहन जांच की जा रही है।स्टेशन परिसर, पार्किंग क्षेत्र और रेल पटरियों के आस-पास विशेष रूप से गश्त की जा रही है। यात्री सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से मिले अलर्ट के बाद शुरू की गई है।

इटारसी जंक्शन देश के सबसे व्यस्ततम रेल मार्गों में से एक है, इसलिए यहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इस सघन जांच का उद्देश्य किसी भी अवांछित गतिविधि को रोकना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जीआरपी ने यात्रियों से अपील की है कि वे चेकिंग अभियान में सहयोग करें और यदि उन्हें कोई भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तत्काल इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दें।

## जेल से वापस जाकर अपराध की पुनरावृति ना करें : न्यायाधीश तबस्सुम खान

**सिवनी मालवा।** जेल एक सुधार ग्रह है। यहां बुराई को छोड़ने के लिए प्रेरित किया जाता है। यहां से वापस जाकर आप अपराध की पुनरावृत्ति ना करे नही तो आपका पुरा जीवन तबाह हो जाएगा। उक्त बात जिला एवं सत्र न्यायाधीशतबस्सुम खान ने उपजेल के बंदियों से विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर में कही। न्यायाधीशखान ने उपजेल के बंदियों से कहा कि जेल एक सुधार ग्रह है। यहां बंदियों को अपराध छोड़ कर अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित किया जाता है। आप यहां से जाने क बाद अपराध की पुनरावृति ना करे वरना आप का पूरा जीवन तबाह हो जाएगा।खान ने उपजेल के बंदियों को विधि की जानकारी देते हुए कहा कि आप के प्रकरण में कोई अधिवक्ता नही है तो आपको विधिक सेवा से निःशुल्क अधिवक्ता न्यायालय में उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने उपजेल के दो बंदियों को विधिक सेवा से उनके प्रकरणो में अधिवक्ता नियुक्त कराये जाने की कार्यवाही कराई। न्यायाधीश खान ने बंदियों से उनके परिजनों से उनकी मुलाकात के संबंध में जानकारी ली।

## कॉलेज में किया विधिक सेवा दिवस सप्ताह अंतर्गत शिविर का आयोजन

**सोहागपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू कॉलेज सोहागपुर में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों एक तथा दो द्वारा विधिक सेवा दिवस सप्ताह अंतर्गत शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश अनुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशों के अनुसार किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि रूप में जेएमएफसी संगीता डाबर मौर्य उपस्थित थीं। अधिवक्ता जयभानु सिंह चंदेल, संजय तिवारी, महेश पचौरी भी इस दौरान उपस्थित थे। शिविर में विद्यार्थियों को विधिक साक्षरता के बारे में जानकारी दी गई।

# सब्जी मंडी से युवक को उठाने का मामला : 'अपहरण' नहीं, 55 हजार रुपए के लेन-देन का विवाद निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सोमवार की दोपहर शहर की सब्जी मंडी क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्राम बेंगनिया निवासी सुनील पटेल को कुछ अज्ञात युवक एक वाहन में बैठाकर एकाएक अपने साथ ले गए। परिजनों और दोस्तों द्वारा तत्काल पुलिस से मदद मांगने पर सिटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले का खुलासा किया। पुलिस की कार्रवाई से खुलासा सुनील पटेल को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ले जाए जाने की सूचना मिलते ही सिटी पुलिस ने तुरंत मोबाइल लोकेशन ट्रेस की।

लोकेशन न्यू यार्ड क्षेत्र की मिलने पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सुनील पटेल को सुरक्षित बरामद कर सिटी थाने ले




आई। अपहरण नहीं लेन-देन का मामला थाने में की गई जांच और दोनों पक्षों से पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हुआ कि यह कोई अपहरण का मामला नहीं था, बल्कि नेटवर्क मार्केटिंग से जुड़े 55 हजार के लेन-देन का विवाद था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मामला मंडीदीप स्थित एक कंपनी में पैसे जमा करने और उसके विवाद से संबंधित था। सुनील पटेल और कंपनी से जुड़े अन्य युवक इसी विवाद को लेकर आपस में बातचीत करने पहुंचे थे। पूछताछ के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि किसी भी पक्ष ने अपहरण की कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। सिटी पुलिस ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में मामले की जांच की और स्थिति को नियंत्रित किया, जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया कि मंडीदीप कंपनी के पैसों के लेन-देन को लेकर बातचीत हुई थी, जिसे स्थानीय लोगों ने गलतफहमी में अपहरण समझ लिया था।

# विधायक बोले-बाहरी लोगों को शहर से बाहर निकालें, अचानक कई हाथ ठेले वाले आ गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

सोमवार रात देश की राजधानी दिल्ली स्थित लाल किले के पास कार में ब्लास्ट हो गया। इस घटना में 10 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। इस घटना को देख होशंगाबाद-इटारसी विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर सीतासरन शर्मा ने अपनी विधानसभा और नर्मदापुरम जिले को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम, इटारसी, सोहागपुर और पिपरिया में बाहरी व्यक्ति आ रहे हैं और अपना व्यापार कर रहे हैं। प्रशासन उनकी तरफ गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है।विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि शहर और जिले में बाहरी व्यक्ति आकर



बड़ा किराया देकर अपना व्यापार कर रहे है। उनकी जांच हो इस बात के लिए स्थानीय प्रशासन को पत्र लिखा। एडीजे इंटेलिजेंट को भी पत्र लिखा गया है। लेकिन इसके बाद क्या कार्रवाई हुई, मुझे इसकी जानकारी नहीं मिली। मैं अभी भी में चिंतित हूं और किसी घटना को किसी घटना से नहीं जोड़ता हूं।उन्होंने आगे कहा, शहर में पचासों हाथ ठेले वाले बाजार की सड़कों पर दादागिरी से व्यापार कर रहे हैं। नगरपालिका की टीम उन्हें हटाने जाती है तो उनसे भी झगड़ा करते हैं। मैं बहुत ज्यादा चिंतित हूं कि उनके द्वारा शहर में कोई उपद्रव न किया जाए। प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देते हुए बाहरी व्यक्तियों की जांच कर उन्हें शहर से बाहर निकलना चाहिए, ताकि शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे।

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म.प्र.)**

फोन/फैक्स: 07574-254072 | ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय कोड- 3202 | महाविद्यालय वि.वि. कोड 147
www.mp.gov.in/highereducation/hoshangabad | NAAC Grade - B++

क्रमांक 2673/स्था. / 2025 | नर्मदापुरम, दिनाँक 11/11/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महाविद्यालय में स्टेशनरी क्रय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start Date | 11.11.2025 |
| 2. | End Date | 02.12.2025 |

प्राचार्य
शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म.प्र.)

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद**

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरीहरचंद मे संस्था के अनुपयोगी अंग्रेजी कबेलू(खपरैल) विक्रय करना है । जिसकी नीलामी दिनांक 12/11/2025 को की जानी है अतः इच्छुक व्यक्ति आज दिनांक 12/11/2025 को दोपहर 12:00 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उपस्थित हो कर कबेलू की नीलामी मे भाग लेकर कवेलू क्रय कर सकते हैं।
नीलामी दिनांकः- 12/11/2025 समयः दोपहर 12:00 बजे
स्थानः- शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर टिमरनी में यूनिटी मार्च पदयात्रा आयोजित

# आज भारत का स्वरूप जो देख रहे, इसका श्रेय सरदार वल्लभ भाई पटेल को : पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव/हरदा

राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च का आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर मेरा युवा भारत विभाग द्वारा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष टिमरनी देवेन्द्र भारद्वाज, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजा कौशल, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय टिमरनी अरूण सिकरवार, जिला युवा अधिकारी माय भारत मोनिका चौधरी सहित अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ विद्यार्थी, एनसीसी छात्र-छात्रायें, खिलाड़ी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित जनों को पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने आत्म निर्भर भारत का संकल्प दिलाया एवं पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि आज हम सरदार पटेल की 150वीं जयंती मना रहे हैं।






उन्होंने अखंड भारत का निर्माण किया था। उन्होंने कहा कि हमें उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। नगर पालिका अध्यक्ष देवेन्द्र भारद्वाज ने इस दौरान उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती पर आयोजित पदयात्रा को अतिथियों द्वारा हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा जाम के पौधे का रोपण भी किया गया। पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज जो भारत का स्वरूप हमें दिख रहा है इसका श्रेय सरदार वल्लभ भाई पटेल को दिया जाता है। उन्होंने ही अखंड भारत निर्माण किया है। आज ऐतिहासिक कार्यक्रम में हमने पदयात्रा की। उन्होंने सभी युवा साथियों से अनुरोध किया कि हममें एक जोश, उमंग, उल्लास से भरा होना चाहिए, जो अपने देश को विकसित करने में मदद कर सकेगा। इसलिए जिस तरह हम अपने परिवार के लिए मेहनत करते है, चिंता करते हैं, वैसे ही हमें देश लिए मेहनत और चिंता करनी चाहिए। आज हम सभी संकल्प लें कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में योगदान करेंगे। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती पर प्रारंभ हुई पदयात्रा का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा से नागरिकों ने स्वागत किया। यह पदयात्रा नगरीय क्षेत्र टिमरनी में नया बस स्टेण्ड से प्रारम्भ होकर सूर्या टावर, शुक्रवारा बाजार, राधाबाई की पुलिया होते हुए शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में सम्पन्न हुई।

भाऊ साहब भुस्कुटे शासकीय महाविद्यालय टिमरनी में यूनिटी मार्च पदयात्रा का समापन कार्यक्रम केन्द्रीय मंत्री दुर्गादास उइके की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री उइके को भेंट स्वरूप सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा दी गई। केन्द्रीय मंत्री उइके ने इस अवसर पर कहा कि देश की एकता, एकात्मता और देश की मजबूती के लिये सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जो काम किया है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। केन्द्रीय मंत्री उइके ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में पिरोने का जो अभूतपूर्व कार्य किया है वह सबके सामने आए इसलिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यात्राओं का आयोजन कर जन-जन को उनके द्वारा देश की मजबूती के लिये किए गए कार्यों को बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत स्वतंत्रता के समय 562 रियासतें थीं, उनमें से कुछ स्वतंत्र रहना चाहती थी उन्हें संगठित कर अखण्ड भारत का निर्माण सरदार वल्लभ भाई पटेल ने किया।

#### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय टिमरनी के छात्र-छात्राओं द्वारा वंदे भारत गीत एवं नृत्य की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के अंत में रंगारंग प्रस्तुति के लिए छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के बेटे पर उपद्रव मचाने का आरोप



**हरदा।** जिले के ग्राम मर्दानपुर में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा के बेटे नितिन मीणा पर उपद्रव मचाने का आरोप लगा है। मंगलवार को एक वीडियो वायरल होने के बाद यह मामला सामने आया, जिसमें नितिन मीणा कथित तौर पर गाली-गलौज करते और अभद्र भाषा का प्रयोग करते दिख रहा है। मामले में दोनों पक्षों की शिकायत के बाद सिराली थाना प्रभारी सीताराम पटेल अपनी टीम के साथ जांच के लिए गांव पहुंचे।

गांव के सरपंच सुनील मीणा ने अपने चचेरे भाई नितिन मीणा पर पंचायत की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। सिराली थाने में दर्ज लिखित शिकायत में सरपंच सुनील मीणा ने बताया कि नितिन मीणा ने गांव में लगी पंचायत की कुर्सियों और सीसीटीवी कैमरों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि वह शराब के नशे में था और लोगों को गालियां दे रहा था। उसने सरपंच सुनील मीणा और उनके पिता को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद ग्राम सरपंच सुनील मीणा ने थाना सिराली पहुंचकर नितिन मीणा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस से कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई भी गांव की शांति भंग न कर सके। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पूर्व जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा अपने बेटे को बचाने का प्रयास कर रहे हैं।

वहीं, पूर्व जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा का कहना है कि कुछ लोगों द्वारा उनकी राजनीतिक छवि खराब करने का षड्यंत्र है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग उनके सगे भाई और उनके बेटे, जो गांव के सरपंच हैं, उन्हें उकसा रहे हैं। अमर सिंह मीणा ने मांग की है कि यदि उनके छोटे भाई और उनके बेटे की कॉल डिटेल की जांच की जाए, तो इस षड्यंत्र के पीछे के लोगों के नाम सामने आ जाएंगे। उन्होंने इसे परिवार का आपसी विवाद बताया, जिसे राजनीतिक रूप दिया जा रहा है। थाना प्रभारी पटेल ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और इसके बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

केन्द्रीय राज्य मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जनजातीय गौरव रथ हुआ रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय संस्कृति और गौरव को समर्पित जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार को हरदा जिले के शासकीय महाविद्यालय टिमरनी व नार्मदीय धर्मशाला हरदा से जागरूकता रथ को रवाना किया गया। केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न गांवों और नगरों में भ्रमण कर जनजातीय महानायकों की गाथा जन-जन तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, अध्यक्ष नगर पालिका हरदा भारती राजू कमेड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष टिमरनी देवेन्द्र भारद्वाज, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजा कौशल, पुलिस अधीक्षक शशांक, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग रवि कुमार कनौजिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

रथ में भगवान बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, शंकरशाह-रघुनाथ शाह, रानी दुर्गावती, शहीद भीमा नायक, माता शबरी सहित अनेक जनजातीय वीर-वीरांगनाओं के जीवन परिचय, उनके संघर्षों और योगदान की झलकियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि यह रथ मंगलवार को टिमरनी से पांढरमाटी, छीरपुरा व बोथी जाएगी। यह रथ 12 नवम्बर को टिमरनी से कपासी, बरूड़घाट व डेबराबंदी तथा 13 नवम्बर को टिमरनी से सिंगनपुर, आमसागर व बड़वानी जाएगा।

## जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में कृष्णा बाई ने फेमिली पेंशन प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर अपर कलेक्टर कुमार ने जिला पेंशन अधिकारी को आवेदिका की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में ग्राम कमताड़ा निवासी शिवशंकर फुलरे ने आरओबी निर्माण कार्य में भूमि का मुआवजा न मिलने संबंधी शिकायत की, जिस पर संबंधित अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में नयागांव निवासी अर्जुन सिंह ने नहर की जमीन पर नाली बनाकर रास्ता बंद करने के संबंध में शिकायत की, जिस पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को मामले की जांच कर आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम खरतलाय निवासी चतर सिंह ने आवेदन देकर बिजली बिल अधिक आने के संबंध में शिकायत की, जिस पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

## पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग, कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**हरदा।** श्रम जीवी पत्रकार संघ ने अपनी पहली मांग में प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून को तत्काल लागू करने की आवश्यकता बताई। पत्रकारों का कहना है कि सच्चाई दिखाने वाले कलमकारों को लगातार उत्पीड़न और हमलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए सुरक्षा कानून अब समय की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि भोपाल के मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन की भूमि, जिसे पूर्व सरकार ने वापस ले लिया था, उसे दोबारा पत्रकारों को लौटाया जाए।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पत्रकार पेंशन योजना (श्रद्धा निधि योजना) में अधिमान्यता की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए और इसे आजीवन लागू किया जाए। इसके अलावा, राज्य के सभी जिला



मुख्यालयों में पत्रकार भवन हेतु निशुल्क भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही, पत्रकारों को टोल टैक्स से मुक्त करने तथा पत्रकार स्वास्थ्य बीमा योजना को निशुल्क करने का सुझाव भी दिया गया। संघ ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इन मांगों पर संवेदनशीलता से विचार करेंगे और प्रदेश के पत्रकारों के हित में सकारात्मक कदम उठाएंगे। ज्ञापन सौपते समय जिले के सभी ब्लॉकों के पत्रकार साथी सहित कलेक्टर कार्यालय में फैयाज़ खान, मोहन गुर्जर, नौशाद खान, कपिल शर्मा,मुकेश दुबे, प्रशांत शर्मा, आनंद गौर, शेख अफ़रोज़, संजय दुबे, विक्की शर्मा, सौरभ ओसले, मनीष पवार, डॉ रविंद्र कुशवाहा, सईद खान, संजय नामदेव, कीर्तन ओनकर, वसीम खान, सुनील मालाकार, मेहमूद आदि शामिल थे।

धर्म के ठेकेदार सच्चे और अच्छे लोगों को पनपने नहीं देते

## आजकल धर्म के अंदर आतंकवाद पनप रहा है : मदनमोहन महाराज

**हरदा।** वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक बाल ब्रम्हचारी मदनमोहन व्यास महाराज ने हरदा में श्री रामकथा दौरान कहा कि धर्म को न केवल धंधा बना लिया है बल्कि धर्म के अंदर आतंकवाद भी पनपने लगा है। उन्होंने व्यासपीठ से कहा कि साम्प्रदायिकवादी लोगों ने उस विश्व स्वरुप को समझने में बहुत गलती की है। आजकल हर 20 वर्ष में कोई नया भगवान अवतरित हो जाता है। कलयुग में नए-नए संत, नए-नए पंथ और नए ग्रंथ तथा नए-नए कलयुगी भगवान पैदा हो रहे हैं जिनका वेदों में कोई वर्णन नहीं है। धर्म के बड़े-बड़े ठेकेदार सच्चे और



अच्छे लोगों को पनपने नहीं देते। ऐसे लोगों ने धर्म को धंधा बनाकर उसका दुरुपयोग करना शुरु कर दिया है। यह किसी एक धर्म या सम्प्रदाय की बात नहीं है बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीयता के साथ धार्मिक चेतना और चिंतन का विषय भी है। धर्म के अंदर आतंकवाद पनप रहा है, लेकिन इस विषय पर बोला भी नहीं जा सकता और रहा भी नहीं जा सकता। मेरे पास इसके अनेक प्रमाण है। यह मेरी आंतरिक पीड़ा भी है। जिन लोगों को जहां नहीं होना चाहिए वह वहां है और जिन्हें होना चाहिए वह नहीं। व्यासजी ने कहा कि आप स्वयं देखे ममता कुलकर्णी जैसी अभिनेत्री को महामंडलेश्वर बना दिया गया। आज फिल्म वाले महामंडलेश्वर बनने लगे और महामंडलेश्वर फिल्मों में अभिनय करने पहुंच रहे है। क्या हो गया है उन अखाड़ों को जिन्हें धर्मध्वजा की रक्षा के लिए गठित किया गया है।

## जनक्रांति न्याय आंदोलन के लिए तहसील स्तरीय बैठक खिरकिया में 12 को

**खिरकिया।** 12 नवंबर को नवीन राजपूत भवन में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक का मुख्य मुद्दा करणी सेना परिवार एवं सर्व समाज की उपस्थिति में 21 दिसंबर को जनक्रांति न्याय आंदोलन हरदा में किया जाना है। जिसे लेकर उच्च स्तरीय बैठक खिरकिया तहसील में आयोजित की जा रही है। जिसमें बड़ी संख्या में करणी सेना परिवार सामाजिक संगठन सामाजिक बंधुओं के साथ सर्व समाज के महानुभाव उपस्थित होंगे। इस बैठक में जनांदोलन में होने वाले अन्य विभिन्न बिंदुओं को लेकर समाजसेवी पंकज राज सिंह पुरनी, चंद्रशेखर सिंह चंदेल एवं सर्व समाज के साथ हमेशा कार्यरत सुनील सिंह राजपूत उपस्थित होंगे।

## सर्पदंश से महिला की मौत पुलिस ने किया मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव/हरदा

जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के भादूगांव में सोमवार रात सर्पदंश से एक 28 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मंगलवार सुबह महिला के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अस्पताल चौकी में पदस्थ एएसआई श्रवण सिंह राजपूत ने बताया कि भादूगांव निवासी अनिता पति दिनेश इवने (28) को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार, मृतका अनिता इवने सोमवार को गांव के दिनेश विश्वकर्मा के खेत में मक्का के भुट्टे निकाल रही थी। इसी दौरान खेत में बैठे एक जहरीले सांप ने उसके बाएं हाथ में डस लिया। सर्पदंश के बाद परिजनों ने अनिता को तत्काल टिमरनी अस्पताल पहुंचाया। वहां गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजन शैतान सिंह ने बताया कि अनिता की चार बेटियां और एक बेटा है। उसका मायका ग्राम सन्यासा का है।

### शांति निकेतन स्कूल छीपाबड़ में कार्यक्रम आयोजित, ज्ञान प्राप्त करने से भी ज्यादा एक अच्छा इंसान बनना हमारा लक्ष्य हो

# विजन, मिशन और गोल इन तीनों पर हमारा फोकस होना चाहिए : साध्वी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

छीपाबड़ ग्राम की बेटी प्रणति श्रीजी ने शांति निकेतन स्कूल छीपाबड़ में कहा कि बच्चों का स्कूल में आने का उद्देश्य अलग-अलग हो सकता है पर ज्ञान प्राप्त करना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। ज्ञान प्राप्त करने से भी ज्यादा एक अच्छा इंसान बनना हमारा लक्ष्य हो। अच्छा इंसान वही व्यक्ति बन सकता है जो दूसरे का दर्द समझे। जानवर बोल नहीं सकते पर दर्द उनको भी महसूस होता है। किसी प्राणी को दर्द में देखकर हमारे भीतर भी उनके लिए दया आए वही अच्छे इंसान की पहचान है। अपने परिवारजन सगे संबंधियों के लिए तो हम दर्द दिखाते हैं पर सिर्फ अपने नहीं परायों के प्रति भी हमारे भीतर में इंसानियत होना चाहिए। पढ़ाई करके हमें सिर्फ मेरिट में नहीं आना है बल्कि अच्छा इंसान बनकर अपने देशवासियों की सेवा भी करना है। यदि भीतर मानवता होगी तो डॉक्टर बनकर हम गरीबों की मुफ्त सेवा भी कर सकते हैं। संसार की समस्त आत्मा दुख दर्द महसूस करती है पर उसे दूर करने का प्रयास एक अच्छा इंसान कर सकता है।

श्री प्रेक्षा श्रीजी महाराज ने कहा कि आज इस स्कूल के बच्चों का सौभाग्य है कि वह यहां बैठकर अपने भाग्य को गुड, बेटर और बेस्ट बना रहे हैं। आप सभी के भीतर में राम, कृष्ण, महावीर छिपे हैं पर इस शक्ति को जागृत करना इस स्कूल की जिम्मेदारी है। ताकत सभी के भीतर है पर उसे इन्वेस्ट करना है या वेस्ट करना है यह हम पर डिपेंड करता है। ताकत मिलती है माता-पिता वह गुरु के चरण स्पर्श करने से। पढ़ाई का मूल मंत्र है प्रणाम करना। प्रणाम करने से परिणाम




अच्छा आएगा। प्रातः उठकर भीतर में ऐसी संकल्प शक्ति लाइए जो आपका जीवन बदल सके। इसके लिए विजन, मिशन और गोल इन तीनों पर हमारा फोकस होना चाहिए। विजन अर्थात हमारा दृष्टिकोण। भारतीय संस्कृति धर्म प्राण संस्कृति है। आज आधार कार्ड तो सबके पास है पर आदर कार्ड कितनों के पास है। अच्छा इंसान बनकर या भगवान बन सकते हैं। गुरु व समुद्र दोनों ही गहरे हैं। समुद्र की गहराई में जाने पर इंसान डूब जाता है और गुरु की गहराई पार लगा देती है। एकलव्य की गुरु समर्पणा आज भी याद की जाती है। ऐसा समर्पण सभी को गुरु के प्रति रखना चाहिए। मिशन को पूरा करने के लिए अपना नेचर बदले, नेचर बदला तो टेंप्रेचर बदल जाएगा, टेंप्रेचर बदला तो आपका सिग्नेचर बदल जाएगा और सिग्नेचर आपका पूरा फ्यूचर ही बदल देगा। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं इस गीली मिट्टी से आपको कलश बनाना है जो भगवान के मस्तक पर चढ़ता है। यदि मिशन पूरा करना है तो टेंशन कभी मत लेना। अपने लक्ष्य पर फोकस कीजिए। और उसे पूरा करने को अपना सर्वस्व लगा दीजिए। महासतियों द्वारा यह व्याख्यान शांति निकेतन स्कूल छिपाबड़ में दिया गया। ज्ञातव्य है कि साध्वी प्रणति श्रीजी ग्राम छिपाबड के स्व. दगडूलाल चौरडिया की सांसारिक बेटी है जिन्होंने 18 वर्ष पूर्व खिरकिया नगर में गुरु राम द्वारा दीक्षा ग्रहण की थी।

इस अवसर पर शांति निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों सहित खिरकिया छीपाबड़ ग्राम के गणमान्य नागरिक, समाज के श्रावक - श्राविकाएं एवं श्रद्धा शील उपासक उपस्थित थे। जय सिंह राजपूत की विनती के पर म.सा. स्कूल पहुंचे और बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कई बच्चों ने संकल्प लिया कि प्रतिदिन माता, पिता गुरुजनों को प्रणाम करेंगे, मोबाइल या टीवी देखते भोजन नहीं करेंगे, किसी जीव को नहीं मारेंगे न ही सताएंगे।